प्रो० मधु दण्डवते : श्रीमन्, मूल प्रश्न को छोड़ कर कई सवाल पूछे गये हैं। मूल प्रश्न का जवाब तो मैंने दे दिया है।

श्री राघवजी : मंत्री महोदय ने कहा है कि इलाहाबाद और भोपाल के बीच में सीधी गाड़ी इसलिए नहीं चलायी जा सकती हैं, क्योंकि वहां पर टर्मिनल सुविधायें नहीं हैं। क्या मंत्री महोदय हावड़ा से अहमदाबाद तक वाया पटना, इलाहाबाद, बीना और भोपाल एक ट्रेन चलायेंगे ? इस ट्रेन को चलाने से चार राज्यों की राजधानियां—पश्चिमी बंगाल में कलकत्ता, बिहार से पटना, मध्य प्रदेश में भोपाल और गुजरात में अहमदाबाद—जुड़ जाती हैं। आज इन चार राजधानियों को जोड़ने वाली एक भी ट्रेन नहीं है। इसके अलावा इस ट्रेन के द्वारा दो महत्वपूर्ण तीर्थ-स्थान, इलाहाबाद और उज्जैन, भी जुड़ सकते हैं। इसलिए क्या मंत्री महोदय इस नई ट्रेन को प्रारम्भ करने की कृपा करेंगे ?

प्रो० मधु दंडवते : श्रीमन्, मैं इतना ही कहूंगा कि भोपाल की टर्मिनल क्षमता कम है। इस वक्त उसका बढ़ाना आसान काम नहीं है और जहां तक डिब्बे जोड़ने का सवाल है वाराणसी तक जाने वाली जो दादर एक्सप्रेस है उसकी पूरी डिब्बे की क्षमता है। यदि उसमें से दूसरों का कोटा कम करके कोटा देना है तो उसके बारे में सोच सकते हैं लेकिन उन्होंने जो दूसरा सवाल उठाया उसका मूल प्रश्न के साथ कोई ताल्लुक नहीं है।

श्री उग्रसेन : जैसा कि माननीय मंत्री जी ने अभी कहा है कि दादर-वाराणसी एक्सप्रेस जो चलती है उसमें सतना के लिए एक डिब्बा है और इसी तरह कई जगह के डिब्बे उन्होंने बताये, तो हमारा सवाल है कि नाम तो उसका है वाराणसी एक्सप्रेस और उसमें सब जगह के डिब्बे लगा देते है, नतीजा यह होता है कि हम पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के लोग वाराणसी तक पहुंच नहीं पाते हैं, तो क्या माननीय मंत्री जी दादर से या बोरीबंदर से कोई सुपर एक्सप्रेस फास्ट ट्रेन चलायेंगे वाराणसी के लिए ताकि नार्थ बिहार और वाराणसी तथा उसके आस-पास के लोग अपने घर पहुंच सकें ?

अध्यक्ष महोदय : यह इससे नहीं उठता है।

**Starting Additional Express Train Connecting Gauhati and Cachar District**

*793. SHRI KRISHNA CHANDRA HALDER; Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether Government are aware that the people of the District of Cachar (Assam) can avail of only one express train to travel to other parts of Assam and the rest of the country;

(b) whether Barak Valley Express is an overcongested train and lot of passengers are debarred from travelling due to lack of space every day;

(c) whether the General Manager, North Frontier Railways and the Railway Board have received complaints from the public, MLAs and other public representatives in this connection ;

(d) whether Government would consider providing an additional express train connecting Gauhati and the District of Cachar; and

(e) whether Government would arrange to run the existing Barak Valley Express punctually?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SHEO NARAIN) : (a) to (c). Yes, Sir. 11/12 Barak Valley Express has been found to be overcrowded.

(d) With effect from 16-4-79, a biweekly express has been introduced between Silchar and Gauhati.

(e) Every effort is being made to improve the punctuality performance of 11/12 Barak Valley Express.

SHRI KRISHNA CHANDRA HALDER: The Minister has admitted in his reply that 11/12 Barak Valley Express has been found to be overcrowded. In view of the reply given by the Minister of State, I would like to know whether Government will introduce more compartments to overcome this overcrowding? Will the Government introduce two-engine trains on this line? I want a categorical answer from the Minister.

SHRI SHEO NARAIN This is a good suggestion and we will think over it.

SHRI KRISHNA CHANDRA HALDER: I am happy that after giving this notice of the question, the Ministry has introduced a biweekly train from Silchar and Gauhati This area is a very sensitive area The transport problem is very acute in that region Assam, Manipur, Nagaland, all these areas are sensitive areas In view of the reply given by the Minister I would like to know whether Government will give proper instructions so that this biweekly train can be run as a daily train?

SHRI SHEO NARAIN: We are not neglecting the eastern region like Assam and Tripura Six new lines have been given to them. As I told the hon. Member in answer to his first supplementary, we will look into it.

श्रीमती रशीदा हक चौधरी . माननीय मंत्री जी ने इस बात को स्वीकार किया है कि बारक वैली एक्सप्रेस मे बडी भीड होती है। मिलिट्री से वह भरी रहती है। कभी कभी एक महीना पहले भी रिजर्वेशन मिलना मुश्किल होता है। दूसरी बात यह है कि यह एक ही ट्रेन है और उसमे कम्पार्टमेंट्स की कमी रहती है। बिना रिजर्वेशन के सीट मिलने का सवाल पैदा नही होता। इसलिए मैं जानना चाहती हू कि आपने जो बाई-वीकली ट्रेन चलाना शुरू किया है उसकी जगह पर डेली ट्रेन चलाई जाये इस सिलसिले मे आप कदम उठायेगे?

श्री शिव नारायण: मैं माननीया सदस्या को बताना चाहता हू कि हमने बाई-वीकली एक्सप्रेस ट्रेन और चला दी हैं। मिलिट्री को हम इग्नोर नहीं कर सकते हैं। असम बार्डर का प्रोटेक्शन मिलिट्री ही करती है इसलिए उसको हम पहले पहुंचायेंगे। इसके लिए हम आपसे माफी चाहते हैं लेकिन आपको भी हम इग्नोर नही कर रहे हैं। (व्यवधान)

SHRI NIHAR LASKAR: We congratulate our Minister of State, Mr Sheo Narain, for announcing a new train for our area. But we are sorry, that Railways woke up very late because we had to launch a lot of agitation for this very train and we have been, for the last two years, writing to the various sources of administration for the introduction of this new train They themselves admitted that it is a very crowded train. I would like to know from the Railway Minister, according to this policy whether this is a classless train, how much time it will take for this train to go from Gauhati to Silchar and whether the new coaches have been built for this classless train

SHRI SHEO NARAIN. Sir, I require notice for this

SHRI PURNANARAYAN SINHA: Sir, half of the population of North east side lives on the other side of Lumding across hills

आधी पापुलेशन तो उधर रहती है। बीच मे 36 टनेल्स है। वहा आप जब तक डबल ट्रेन नही बनायेगे तब तक काम नहीं चलेगा। क्या आप डबल लाइन बनाने पर विचार कर रहे है?

श्री शिव नारायण आपका सुझाव सुन्दर है। हमने शुरू मे कहा, हम विचार कर रहे है। प्रधान मंत्री ने आपको 6 लाइने दी है। (व्यवधान)

MR SPEAKER. Question Hour is over Now we come to the serious business!

---

## WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

### कर्मचारी चयन आयोग

*785. श्री रामानन्द तिवारी: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) संघ लोक सेवा आयोग और कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित